दैनिक भास्कर 21/6/2019

डीएवीवी में पहली बार योग में होगी पीएचडी, दूसरे कोर्स भी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी ने शहर को महत्वपूर्ण सौगात दी है। इस साल नए शिक्षा सत्र में डीएवीवी में योग से जुड़े कई अहम कोर्स शुरू होंगे। पहली बार यूनिवर्सिटी योग में पीएचडी करवाएगी। छह सीटों के साथ इसकी शुरुआत हो रही है। जुलाई-अगस्त में होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा में योग विषय भी जुड़ गया है। पहली बार यूनिवर्सिटी के योग विभाग में बीए और बीएससी इन योगा भी शुरू किया है। योग विभागाध्यक्ष डॉ. एसएस शर्मा का कहना है इन कोर्स में पहले साल ही 50-50 सीटें मिली हैं। एमए इन योगा भी शुरू किया है। इसमें 50 सीटें हैं। एक कोर्स पीजी डिप्लोमा इन योग थैरेपी सौ सीटों के साथ पहले से चल रहा है। इसमें डीएवीवी से पासआउट लगभग 90 फीसदी छात्रों को जॉब या खुद का योग सेंटर शुरू करने का विकल्प मिल रहा है। योग के सारे कोर्स के लिए छात्रों को डिपार्टमेंटल टेस्ट देना होगा। टेस्ट के रिजल्ट की मेरिट के आधार पर प्रवेश मिलेगा। कोर्स की भारी डिमांड के कारण एक सीट पर कम से कम तीन दावेदार रहेंगे। कुलपति प्रो. नरेंद्र धाकड़ का कहना है योग में पहली बार पीएचडी होगी। इतना ही नहीं, इस साल ही डीएवीवी के स्कूल ऑफ लैंग्वेज में एमए इन सिंधी कोर्स शुरू होगा। बताते हैं कि कोर्स की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। देशभर में एकमात्र सिंधी सांसद इंदौर से ही शंकर लालवानी बने हैं। इसलिए इस कोर्स को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश में पहली बार सिंधी भाषा में कोई डिग्री कोर्स शुरू किया जाएगा।

एमबीए में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन आज से, 10 जुलाई को आएगी सूची

12 से 16 जुलाई तक कॉलेजों में जमा करना होगी फीस, इंदौर के 52 कॉलेजों की 6700 सीटों पर भी होंगे प्रवेश

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मैनेजमेंट कॉलेजों में कोर एमबीए (फुल टाइम) में एडमिशन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 21 जून से शुरू हो जाएगा। इसी दौरान पोलिटेक्निक कॉलेजों में दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया भी चलेगी। दोनों प्रक्रिया 9 जुलाई तक चलेगी। 10 जुलाई को कॉमन मेरिट लिस्ट जारी होगी, जबकि सीमैट की मेरिट के आधार पर 12 जुलाई को एडमिशन की पहली सूची जारी की जाएगी। इसी दिन से छात्र अलॉट हुए कॉलेज में फीस और दस्तावेज जमा करेंगे। पहले दौर में सिर्फ सीमैट की के आधार पर प्रवेश होंगे, जबकि दूसरे दौर में ग्रेजुएशन के अंकों के आधार पर भी एडमिशन हो सकेंगे। इंदौर के 52 कॉलेजों में 6700 सीटों पर ये प्रवेश होंगे। छात्र शुक्रवार से रजिस्ट्रेशन के बाद ही वैष्णव पोलिटेक्निक, वूमन पोलिटेक्निक और एसजीएसआईटीएस (श्री गोविंदराम सेकसरिया इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस) में दस्तावेज सत्यापन करवा सकेंगे। दूसरे दौर के लिए 19 जुलाई से 27 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन (ग्रेजुएशन आधार पर भी) और दस्तावेज सत्यापन होंगे। 29 जुलाई को कॉमन मेरिट सूची आएगी और 31 जुलाई को एडमिशन सूची जारी होगी। इसी दिन से 5 अगस्त तक छात्र फीस जमा कर सकेंगे।

पिछले साल 80% कॉलेजों की भरी थीं 100% सीटें

यूनिवर्सिटी के आईएमएस और आईआईपीएस और जीएसीसी एसजीएसआईटीएस सहित 45 से ज्यादा निजी कॉलेज शामिल हैं। पिछले साल एमबीए में एडमिशन के लिए भारी डिमांड थी। इंदौर के 80 फीसदी कॉलेजों की 100 फीसदी सीटें भर गई थीं। इस बार भी यही स्थिति रहने की संभावना है। पिछले साल 20 फीसदी कॉलेजों की 60 से 90 फीसदी तक सीटें भरी थीं। कॉलेजों के प्रवक्ता अवधेश दवे का कहना है एमबीए फुल टाइम का पूरा शेड्यूल समय पर जारी हो गया है। मांग की छात्रों को परेशानी न हो।

डीएवीवी योग में कराएगी पीएचडी

इंदौर | पहली बार यूनिवर्सिटी योग में पीएचडी करवाएगी। छह सीटों के साथ इसकी शुरुआत हो रही है। जुलाई-अगस्त में होने वाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा में योग विषय भी जुड़ गया है।

२१ जून ऑफ इंडिया

Syllabus for MA Sindhi approved by DAVV

Devi Ahilya Vishwavidyalaya's (DAVV) standing committee has approved the syllabus of Masters of Arts (MA) in Sindhi language in a meeting on Thursday. The course will be rolled out for the students from this academic session and will be run by the School of Comparative Language. Initially, it will have only 30 seats as this will be the first year.